**कार्यालय अध्यक्ष–एवं–उप मण्डल दण्डाधिकारी, नलवाड एवं देवता मेला समिति, धर्मपुर, जिला मण्डी, हि0प्र0**

कमांक–उ0म0अ0(ना0) धर्मपुर / मेला / 2025–235651 दिनांक 27 मार्च, 2025

**"निविदा सूचना"**

नलवाड एवं देवता मेला–2025 जो दिनांक 04 अप्रैल, 2025 से 09 अप्रैल, 2025 तक मनाया जा रहा है उपरोक्त मेले के दौरान **लाईट/टैंन्ट** के सामान जैसे कि वी0आई0पी0 कुर्सी, सोफा,साधारण शामियाना, पानी रहित शामियाना, विजली की सजावटी लड़ियां, कनौपी, मैटिंग, प्लास्टिक कुर्सी इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं जो **दिनांक 29.03.2025 को दोपहर 12:00 बजे** अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में माहर बन्द लिफाफे मे प्राप्त हो जानी चाहिए तथा प्राप्त निविदाएं उसी दिन बाद दोपहर 12:15 बजे गठित कमेटी द्वारा निविदादाताओं के समक्ष या अनुपस्थिति में खोली जाएगी तथा जिस निविदादाता का मुल्य सबसे न्यूनतम होगा उसे आपूर्ति आदेश जारी किया जाएगा। टैंडर फार्म मु0 500/–(Non Refundable) के भुगतान पर इस कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

**नियम व शर्ते**

1. निविदाएं सम्पूर्ण छः दिन के हिसाब से दी जाए व निविदा दरें समस्त करों सहित दर्शाई हों तथा निविदादाता को उनका GSTIN दस्तावेज, पैन ,आधार कार्ड तथा पिछले तीन सालों का आयकर रिर्टनंस जमा करवानी होगी तथा पिछले पांच साल से किसी भी सरकार कार्यकम का अनुभव हो।
2. सामान मेला समिति द्वारा आवश्यकता अनुसार लिया जाएगा।
3. निविदाता को निविदा के साथ धरोहर राशि मु0 50,000/– (पचास हजार रू0) बैंक ड्राफट द्वारा जमा करवानी होगी। बैंक ड्राफट अध्यक्ष ( एस0डी0एम0) नलवाड़ एवं देवता मेला कमेटी के नाम देय होना चाहिए।
4. निविदाता को सामान को लाने व ले जाने का किराया स्वयं वहन करना होगा व आपूर्ति हेतु आपेक्षित सामान की उपलब्धता व गुणवता बारे जांच आधोहस्ताक्षरी द्वारा किसी भी समय की जा सकती है।
5. मेला अवधि के दौरान मेला कमेटी के सामान की टुट–फूट की जिमेदारी नहीं होगी।
6. सामान की गुणवता व कार्य में किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर निविदा की राशि में मेला समिति द्वारा कटौती की जाएगी।
7. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी भी समय निविदा को अस्वीकार या समय/तिथि में बदलाव करने का पूर्ण अधिकार होगा।
8. समस्त कर (including GST) सम्बधित फर्म द्वारा ही भुगतान किया जाएगा ।

सहायक आयुक्त (राजस्व) एवं तहसीलदार सन्धोल,
जिला मण्डी, हि0प्र0।

पृ0संख्या –उपरोक्त/2025–235859 दिनांक 27/3/2025

प्रतिलिपि निम्न को प्रेषित हैः–

1. सहायक आयुक्त (राजस्व)–एवं–तहसीलदार सन्धोल, तहसीलदार धर्मपुर तथा अधीक्षक, कार्यालय उप मण्डलाधिकारी (ना0) धर्मपुर को भेजकर अनुरोध है कि दिनांक 29.03.2025 को इस कार्यालय में उपरोक्त निविदा खोलने के लिए उपस्थित रहें।
2. इस कार्यालय, तहसील कार्यालय धर्मपुर, सन्धोल, खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय धर्मपुर व उप तहसील कार्यालय टिहरा व मण्डप के सूचनापट्ट पर व्यापक प्रचार एवं प्रसार हेतु प्रेषित है।
3. सहायक लोक सम्पर्क अधिकारी, कार्यालय सरकाघाट को भेजकर अनुरोध है कि नीलामी सूचना से सम्बन्धित समाचार, समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने की कृपा करें।
4. श्री अखिल गुप्ता JOA (IT) के लिए इस निविदा पत्र को मेला बैबसाईट www.dharampurmela.com पर upload करने हेतु प्रेषित है।

सहायक आयुक्त (राजस्व) एवं तहसीलदार सन्धोल,
जिला मण्डी, हि0प्र0।